

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक


# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 अंक : 158 31 अगस्त, 2018 मूल्य : 20/-







एशियाई खेलों भारत का नाम रौशन करने वाले रजत पदक विजेता तीरदांज समाज गौरव अमन सैनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# एशियाई खेलों भारत का नाम रौशन करने वाले रजत पदक विजेता तीरदांज समाज गौरव अमन सैनी की विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया गया स्वागत सत्कार

















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831 Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 158 • 31 अगस्त, 2018 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
( समाजसेवी/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
( उद्योगपति/समाजसेवी )

**संरक्षक :**



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
( बिल्डर्स/समाजसेवी )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों म्हे) 94149 1484

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

पंजीयन नं. 55/1972-73 दूरभाष : 0291-2543905, 9414495991, 9829030711, 9672444499

# माली संस्थान जोधपुर

नैनूराम अचल स्मृति भवन, महामंदिर, मण्डोर रोड़, जोधपुर ( राज. )

## :: छात्रवृति हेतु सूचना ::

माली संस्थान जोधपुर द्वारा छात्रवृति 2018 के लिये इच्छुक निर्धारित योग्यताधारी अभयार्थियों से ऑन लाईन आवेदन पत्र(Online Application Form) आमंत्रित किये जाते है।

1. मेधावी छात्र-छात्राओं का जिनका चयन IIT, CPMT, IIM, NLU, AIEEE अथवा RPMT समकक्ष संस्थान में हआ है।

2. मेधावी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने कक्षा दसवीं व बाहरवीं में 75% या अधिक तथा उच्च शिक्षा इजीनियरिंग, मेडिकल/आयुर्वेदिक में 65% या अधिक अंक प्राप्त किये हो।

3. गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थी व जिनके पिता या संरक्षक आयकरदाता नहीं हो तथा चयन समिति द्वारा आर्थिक स्थिति का आंकलन कर उन्हें छात्रवृति देना प्रस्तावित है। ( आवेदन पत्र में संलग्न प्रारूप के अनुसार )

4. ऑनलाईन आवेदन स्वयं के स्तर पर वेबसाइट www.sainimalisamaj.com पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 18 अगस्त 2018 से 15 सितम्बर, 2018 तक किया जा सकता है।

5. आवेदन जमा व प्राप्त करने का स्थल : कार्यालय, माली संस्थान जोधपुर नैनूराम अचल स्मृति भवन, महामंदिर, रोड़, जोधपुर ( राज. )

**निवेदक : अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण माली संस्थान जोधपुर**

# संपादक की कलम से....



'एक वन में बहुत बडा अजगर रहता था। वह बहुत अभिमानी और अत्यंत क्रूर था। जब वह अपने बिल से निकलता तो सब जीव उससे डरकर भाग खड़े होते। उसका मुंह इतना विकराल था कि खरगोश तक को निगल जाता था। एक बार अजगर शिकार की तलाश में घूम रहा था। सारे जीव अजगर को बिल से निकलते देखकर भाग चुके थे । जब अजगर को कुछ न मिला तो वह क्रोधित होकर फुफकारने लगा और इधर–उधर खाक छानने लगा। वहीं निकट में एक हिरणी अपने नवजात शिशु को पत्तियों के ढेर के नीचे छिपाकर स्वयं भोजन की तलाश में दूर निकल गई थी। अजगर की फुफकार से सूखी पत्तियां उडने लगी और हिरणी का बच्चा नजर आने लगा। अजगर की नजर उस पर पड़ी हिरणी का बच्चा उस भयानक जीव को देखकर इतना डर गया कि उसके मुंह से चीख तक ना निकल पाई। अजगर ने देखते–ही–देखते नवजात हिरण के बच्चे को निगल लिया। तब तक हिरणी भी लौट आई थी, पर वह क्या करती ? आंखों में आंसू भरके दूर से अपने बच्चे को काल का ग्रास बनते देखती रही। हिरणी के शोक का ठिकाना न रहा। उसने किसी–न किसी तरह अजगर से बदला लेने की ठान ली।

हिरणी की एक नेवले से दोस्ती थी। शोक में डूबी हिरणी अपने मित्र नेवले के पास गई और रो–रोकर उसे अपनी दुखभरी कथा सुनाई। नेवले को भी बहुत दुरूख हुआ। वह दुख–भरे स्वर में बोला मित्र, मेरे बस में होता तो मैं उस नीच अजगर के सौ टुकडे कर डालता। पर क्या करें, वह छोटा–मोटा सांप नहीं है, जिसे मैं मार सकूं वह तो एक अजगर है। अपनी पूंछ की फटकार से ही मुझे अधमरा कर देगा। लेकिन यहां पास में ही चीटिंयों की एक बांबी हैं। वहां की रानी मेरी मित्र हैं। उससे सहायता मांगनी चाहिए। हिरणी निराश स्वर में विलाप किया "पर जब तुम्हारे जितना बडा जीव उस अजगर का कुछ बिगाडने में समर्थ नहीं हैं तो वह छोटी–सी चींटी क्या कर लेगी?" नेवले ने कहा ऐसा मत सोचो। उसके पास चींटियों की बहुत बडी सेना हैं। संगठन में बडी शक्ति होती हैं। हिरणी को कुछ आशा की किरण नजर आई। नेवला हिरणी को लेकर चींटी रानी के पास गया और उसे सारी कहानी सुनाई। चींटी रानी ने सोच–विचार कर कहा श्हम तुम्हारी सहायता अवश्य करेंगे । हमारी बांबी के पास एक संकरीला नुकीले पत्थरों भरा रास्ता है। तुम किसी तरह उस अजगर को उस रास्ते पर आने के लिए मजबूर करो। बाकी काम मेरी सेना पर छोड़ दो। नेवले को अपनी मित्र चींटी रानी पर पूरा विश्वास था इसलिए वह अपनी जान जोखिम में डालने पर तैयार हो गया। दूसरे दिन नेवला जाकर सांप के बिल के पास अपनी बोली बोलने लगा। अपने शत्रु की बोली सुनते ही अजगर क्रोध में भरकर अपने बिल से बाहर आया। नेवला उसी संकरे रास्ते वाली दिशा में दौड़ाया। अजगर ने पीछा किया। अजगर रुकता तो नेवला मुड़कर फुफकारता और अजगर को गुस्सा दिलाकर फिर पीछा करने पर मजबूर करता।

इसी प्रकार नेवले ने उसे संकरीले रास्ते से गुजरने पर मजबूर कर दिया। नुकीले पत्थरों से उसका शरीर छिलने लगा। जब तक अजगर उस रास्ते से बाहर आया तब तक उसका काफी शरीर छिल गया था और जगह–जगह से ख़ून टपक रहा था। उसी समय चींटियों की सेना ने उस पर हमला कर दिया। चींटियां उसके शरीर पर चढकर छिले स्थानों के नंगे मांस को काटने लगीं। अजगर तडप उठा। अपने शरीर से खुन पटकने लगा जिससे मांस और छिलने लगा और चींटियों को आक्रमण के लिए नए–नए स्थान मिलने लगे। अजगर चींटियों का क्या बिगाडता?वे हजारों की गिनती में उस पर टूट पढ़ रही थीं। कुछ ही देर में क्रूर अजगर तडप–तडपकर दम तोड दिया।'

**'सीख- संगठन शक्ति बड़े- बड़ों को धूल चटा देती है।**

**क्योंकि :**

**संगठन में - 'कायदा नहीं, व्यवस्था होती है।'**
**संगठन में - 'सुचना नहीं, समझ होती है।'**
**संगठन में - 'भय नहीं, भरोसा होता है।'**
**संगठन में - 'आग्रह नहीं, आदर होता है।'**
**संगठन में - 'अर्पण नहीं, समर्पण होता है।'**
**संगठन में - 'कानून नहीं, अनुशासन होता है।'**
**संगठन में - 'शोषण नहीं, पोषण होता है।'**
**संगठन में - 'संपर्क नहीं, सम्बन्ध होता है।'**
**संगठन में - 'सामूहिक हित के लिए होता है।'**


**इस लिए स्वयं को संगठन से जोड़े रखें।**
**व्यक्तिगत स्पर्धा और स्वार्थ के लिए नही।**

## स्वंय को संगठन से जोड़ियें



मनीष गहलोत

# 21वर्षीय अमन सैनी ने एशियाड में रजत जीत बढ़ाया देश का गौरव



नई दिल्ली। एशियाड में समाज के युवाओं ने किया कमाल। 21 वर्षीय युवा तीरंदाज अमन सैनी ने अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीता रजत पदक जीत कर देश को गौरवान्वित किया है। समाज के युवा तीरंदाज अमन सैनी ने एशियाड 2018 में टीम इवेंट तीरंदाजी में रजत पदक जीता।

माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।नांगलोई के अमन सैनी और उसकी टीम ने जकार्ता मे एशियन गेम के आरचरी में रजत पदक प्राप्त किया. अमन सैनी और उनकी टीम ने देश का अपना और अपने परिवार का नाम आज पूरे विश्व मे रोशन किया.अमन सैनी नांगलोई गाँव के शिव कुमार सैनी के सुपुत्र है और भाजपा नेता सुरेन्द्र सैनी जी के भतीजे है।

अमन सैनी के नांगलोई के पीरागंढ़ी मेट्रो स्टेशन पर विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ आरडब्ल्यूए द्वारा स्वागत किया गया। फिर विद्यालय से रोहतक रोड़ होते हुए सैनी चौपाल के रास्ते में दोनों ओर लोगों ने अमन सैनी का भव्य स्वागत किया तथा अमन सैनी जिंदाबाद की गुंज सुनाई दे रही थी। सैनी चौपाल पहुंचने पर अमन सैनी के दादाजी व दादीजी ने अपना आशीर्वाद दिया। अमन सैनी का सी. आर. सैनी सेकण्डरी स्कूल में प्रधानाचार्य संजीव सैनी के द्वारा स्वागत किया गया। सैनी सेवा समित के द्वारा भी अमन सैनी को का स्वागत किया गया इस अवसर पर राजस्थान से भी काफी संख्या में लोग आए थे।





अमन सैनी ने बताया कि उसने आर्चरी की शुरूआत इंडियन राउंड से की थी। इंडियन राउंड इंटरनेशनल स्तर पर आयोजित नहीं होने के कारण अमन से कंपाउंड की तरफ रूख किया क्योंकि कंपाउंड का तीरंदाजी एक्यूपमेंट काफी महंगा होता है इसलिए उन्होंने पैसे उधार लिए इसके बाद कंपाउंड राउंड का अभ्यास आरंभ किया।

कंपाउंड राउण्ड में मेडल जीतने के बाद उन्हें दिल्ली सरकार की ओर से जो स्कॉलरशिप मिली उस राशि से एक्यूपमंट लेने के लिए जो उधार रूपये लिए वह चुकता किया। कंपाउंड राउंड का तीरंदाजी एक्यपमेंट के साथ ही तीर भी काफी महंगे होते है। ऐसे में वह इनाम के जो पैसे मिलते है, उसे इय खेल की दूसरी जरूरतों पर खर्च करते थे और उधार चुकाते थे।

ताइक्वांडो के स्टेट मेडलिस्ट

उनका रिचमंद ग्लोबल स्कूल पश्चिम विहार में एडमिशन ही ताइक्वांडो में स्टेट स्तर पर मेडल जीतने के बाद हुआ था। ताइक्वांडो कोच संजय कुमार ने स्कूल में चलने वाले आर्चरी एकेडमी के कोच सुरेन्द्र कुमार से मिलाया। उन्होंने आर्चरी एकेडमी में जाकर दूसरे बच्चों से तीर लेकर चलाया तो उनका निशाना सटीक लगा। जिसके बाद सुरेन्द्र कुमार व संजय कुमार ने उन्हें आर्चरी में केरियर अपनाने के लिए प्रेरित किया। औरन उसके बाद ही ताइक्वांडो को छोड़ आर्चरी का अभ्यास उन्होंने शुरू किया।

सीनियर स्तर पर भी देश के लिए खेल चुके है अमन सैनी

अमन कुमार सैनी ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी तीरंदाजी चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया है तथा 2017 के एशियन कप सीनियर टीम इंवेट का गोल्ड भी भारत को दिलवा चुके है।

### रायपुर उपखण्ड के बर में माली सैनी समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित, आयोजन में कई प्रशासनिक अधिकारीयों ने कि शिरकत, 52 प्रतिभाओं का हुआ बहुमान।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान – ओ.पी.सैनी



बर–मारवाड़ (पाली)। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 बर बाईपास स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान में आयोजित माली सैनी समाज के प्रथम प्रतिभावान सम्मान समाहरो क्षैत्र के राजकीय कर्मचारीयों एंव प्राईवेट कर्मचारीयों के नेतृत्व में आयोजित हुआ। आयोजन को लेकर आयोजन समिति के सचिव वेदराज दगदी ने बताया की आयोजन में मुख्य अतिथि छात्र–छात्राओं के मार्गदर्शन हेतू जयपुर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के सिनियर आईएएस अधिकारी ओ.पी.सैनी ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के प्रधानाचार्य रामवतार सैनी, आयोजन की अध्यक्षता राजस्थान प्रशासनिक सेवा के आरएएस अधिकारी ताराचंद भाटी एंव विशिष्ठ अतिथि आरएएस अधिकारी अमृतलाल सांखला, जयपुर से एडवाकेट अनुभव चंदेल, प्रधानाचार्य विजयलक्ष्मी सांखला, पिपाड़ से शान्तिलाल सैनी एंव भामाशाह शंकरलाल बागड़ी पूना, भामाशाह प्रभूलाल बागड़ी रायपुर, ने आयोजन में बतौर अतिथि शिरकत की सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की और से किया गया। आयोजन में आईएएस अधिकारी ओ.पी.सैनी ने कहा की शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। आज के तकनिकी एंव प्रतिस्पर्दा के युग में शिक्षा के क्षैत्र में छात्र–छात्राओं को नए किर्तिमान स्थापित करने होगें।

सैनी ने कहा की बालिका शिक्षा पर सर्वाधिक ध्यान दे साथ ही सैनी सबको बेटी पढाओ बेटी बचाओं की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर रामावतार सैनी ने आयोजन में सम्मानित होने आए छात्र–छात्राओं को पढाई करने के नए–नए तरीके समझाएं, आयोजन को सम्बोधित करते हुऐ एडवोकेट अनुभव चंदेल ने कहा की समाज का भविष्य युवा है। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे आरएएस अधिकारी ताराचंद भाटी ने कहा की अब इस जमाने में मार्कस का समय नही है अब हर क्षैत्र में कॉम्पीटेंस है जितनी लगन के साथ आप जुटे रहोगे उतनी ही जल्द सफलता आपके नजदीक होगी। आरएएस अधिकारी अमृतलाल सांखला ने कहा की समाज में शिक्षा के साथ–साथ समाज में एकता महत्वपूर्ण है सभी को एक जुट होकर समाज में निःशुल्क शिक्षण व्यवस्था के लिए युद्व स्तर पर तैयारी करें। आयोजन समिति राजकीय कर्मचारी समिति बर क्षैत्र के अध्यक्ष लाबूराम चौहान अतिथियों का स्वागत भाषण दिया।

आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष चम्पालाल बागड़ी वरिष्ठ लेखाधिकारी भारत संचार निगम अजमेर ने सभी अतिथियों का आगमन किया। आयोजन का संचालन प्रदेश माली महासभा के महासचिव महेन्द्र चौहान ने किया, महेन्द्र चौहान ने मंच संचालन करते हुऐ कहा की देश की आजादी के 70 वर्षो पूरे होने के बाद माली सैनी समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समाहरो बर क्षैत्र का आयोजित हुऐ साथ समाज के लोगों का आपार सहयोग मिला इस को लेकर अब हर वर्ष गांव में समाज का प्रतिभा सम्मान समाहरो अयोजित किया जाऐगा।

**52 प्रतिभा हुऐ सम्मानित** – राजकीय माली सैनी कर्मचारी संघ बर के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा शिक्षण संस्थान में आयोजित हुऐ प्रथम प्रतिभा सम्मान समाहरों में समाज के 52 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इन प्रतिभाओं में बेटीया आगे रही। आयोजन समिति के दुर्गेश बागड़ी एंव पुखराज चौहान ने बताया की प्रतिभाओं के अलावा भी समाज के नवनियुक्त राजकीय कर्मचारीयों एंव विशेष उपाधि प्राप्त प्रतिभाओं के साथ समाज में निःशुल्क कोचिंग में भाग लेने वाले शिक्षको का भी सम्मान किया गया। इनमें विशेष रूप से बर निवासी प्रदीप गहलोत का सम्मान किया गया, प्रदिप को मार्हर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में राजनितिक विज्ञान में स्वर्ण पदक से सम्मानित होने से समाज के साथ–साथ गांव का भी नाम रोशन किया, साथ ही जोधपुर मथुरादास माथुर चिकित्सालय में बतौर नर्सिग स्टाफ कार्यरत निर्मल गहलोत (चौधरी) को भी अपनी विशेष सेवाओ के तहत सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के सचिव वेदराज दगदी ने बर कस्बे में प्रथम बार आयोजित हुऐ प्रतिभा सम्मान समाहरो की प्रेरणा देने वाले समाज के युवा एंव प्रदेश माली महासभा के महासचिव महेन्द्र चौहान को समिति की और से राजस्थानी परम्परा के अनुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही दगदी ने बताया की आयोजन में अतिथियों को आमन्त्रित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका महेन्द्र चौहान की रही। आयोजन में कोचिंग व्यवस्था संचालन को लेकर महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ढगलाराम बागड़ी व्यख्यता को भी सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित** – आयोजन समिति के राजकीय कर्मचारी सचिव वेदराज दगदी, कोषाध्यक्ष चम्पालाल बागड़ी, सलाहकार सोहनलाल चौहान, चम्पालाल चौहान, दमोदरलाल बागड़ी, पप्पूराम चौहान, लाबूराम गहलोत, अमरलाल गहलोत, दुर्गेश बागड़ी, पुखराज चौहान, सुमनप्रकाश, केलाश चौहान, राकेश बागड़ी, बुधराज बागड़ी, अशोक बागडी, बाबुलाल गहलोत, बगदीराम बागड़ी, रामलाल चौहान, ओमप्रकाश बागड़ी, चम्पालाल दगदी, गौतम दगदी, नरेन्द्र चौहान, मदनलाल पालड़िया, केलाश दगदी, शशी गहलोत, धर्माराम गहलोत, नाथुराम गहलोत, ओमप्रकाश पालड़िया, केलाश बागड़ी, भेराराम बागड़ी, विनोद चौहान, जैतारण माली समाज के अध्यक्ष तुलसीराम गहलोत, रामनारायण गहलोत, बिराटिया सरपंच ओमप्रकायश बागड़ी, बर उपसरपंच सुखलाल बागड़ी, माली सैना के नेमाराम भाटी, मनोहर गहलोत, सहित माली सैनी समाज के बर, धोलीधेड़, मेघड़दा गांवों के समस्त राजकीय कर्मचारी एंव समस्त माली सैनी समाज के प्रबुधजन उपस्थित रहे।

### अनूठी मिसाल। लाडले शिक्षाविद निर्मल गहलोत को जन्मदिन पर खून से तोला

# आईएएस से लेकर छात्रों तक ने 930 यूनिट रक्तदान कर रचा इतिहास




जोधपुर। सूर्यनगरी के लाड़ले शिक्षाविदों में शुमार उत्कर्ष के निदेशक निर्मल गहलोत के 40वें जन्मदिवस पर प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर छात्रों तक ने रक्तदान शिविर में बढ़–चढ़कर रक्तदान कर एक मायने में खून से तोल अनूठा कीर्तिमान रच दिया। गहलोत के जन्मदिन पर सुबह से ही रक्तदान करने वालों का मजमां लगा रहा, देर शाम तक 930 यूनिट रक्तदान किया गया। जिससे महानगर को 7 ब्लड बैंकों में रक्त पहुंचा।

संभवतः किसी भी व्यक्ति के जन्मदिन पर 930 यूनिट रक्तदान किए जाने का पहला कीर्तिमान बना है। शिक्षाविद निर्मल गहलोत के जन्म दिन पर सरदारपुरा स्थित महावीर कॉम्पेक्स में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुदर्शन सेवा संस्थान, उत्कर्ष पूर्व छात्र परिषद तथा बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

माली सैनी संदेश परिवार एवं ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा संस्थान के द्वारा निर्मल गहलोत को समाज गौरव से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश माली महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकाराम कच्छवाहा सहित अनेकों समाजसेवी उपस्थित रहे।

**एम्बुलेंस भेंट की**: जन्मदिन के अवसर पर निर्मल गहलोत द्वारा सुदर्शन सेवा संस्थान को जन सेवार्थ भेंट की गई फोर्स ट्रेवलर की अत्याधुनिक एम्बुलेंस का भी लोकार्पण किया गया। सुदर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गोयल व सचिव कमलेश गहलोत ने संस्थान को एम्बुलेंस भेंट करने पर गहलोत को साधुवाद ज्ञापित किया।

**ये रहे मौजूद** : रक्तदान शिविर में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, विधायक सूर्यकान्ता व्यास, कैलाश भंसाली, नगर निगम के महापौर घनश्याम ओझा, पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच, पूर्व महापौर ओमकुमारी गहलोत, जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी, राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार, समाजसेवी विनोद सिंघवी, कुशाल सांखला, नरेश सुराणा, जेएनवीयू वित्त नियंत्रक दशरथ कुमार सोलंकी, प्रो. ए. के. मलिक, प्रो. विनिता परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, एबीवीपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हेमंत घोष, भाजपा नेता महेन्द्र मेघवाल, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र तंवर, उद्योगपति सुनील तलवार, डॉ. राम गोयल, छात्रनेता चेतन ग्वाला, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिनेश परिहार, छात्रनेता भूपेन्द्रसिंह सांकड़ा, दिनेश पंचारिया इत्यादि ने भाग लिया।

**संतो ने दिया आशीर्वाद** :

कार्यक्रम में सूरसागर स्थित बड़ा रामद्वारा के पीठासीन परमहंस रामप्रसाद, सेनाचार्य अचलानंद गिरि, चिन्मय मिशन के अभेदानंद, स्वामी हरिराम शास्त्री महाराज भी गहलोत को आशीर्वाद देने पहुँचे।

**झालावाड़ कलक्टर भी पहुंचे**:

उत्कर्ष पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष झालावाड के जिलाधीश डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, इस रक्तदान शिविर में युवाओं को अभिप्रेरित करने पहुंचे। उन्होंने स्वयं ही 67 बार रक्तदान कर रखा है। उन्होंने स्वयं लम्बी पंक्ति में लगकर 68वीं बार रक्तदान किया है।

इससे पूर्व समाज के हजारों युवाओं ने केण्डल मार्च निकाल दी तरूण को श्रृद्वाजंलि

# तरुण माली की संदिग्ध हत्या की जांच सी.बी.आई. से करवाने की मांग को लेकर माली समाज ने दिया जोधपुर कमिश्नर को ज्ञापन



14 अगस्त, जोधपुर। रामसागर निवासी तरूण परिहार पुत्र राजेन्द्र परिहार की संदिग्ध हत्या की सी.बी.आई. से जांच की मांग को लेकर माली समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्वजनों के साथ परिवार के लोगों ने कमिश्नर को ज्ञापन दिया।

सुबह 11 बजे रामसागर चौराहे से जूलूस के रूप में सैकड़ों समाज बंधुओं माताओं एवं युवाओं ने शांतिपूर्वक पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में पहुंचे। इसके अलावा सूरसागर एवं अन्य क्षेत्रों से भी समाज के सभी वर्ग शांतिपूर्वक जूलूस के रूप कमिश्नरेट कार्यालय पहुंचे

समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों में प्रदेश माली सैनी महासभा के चौयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष पुखराज सांखला, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार, जोधपुर भवन र्धमशाला के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, भाजपा युवा अध्यक्ष महेन्द्र तंवर के साथ ही विभिन्न संस्थाओं के प्रबुद्वजनों के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर से मिलकर ज्ञापन दिया।

सुनील परिहार ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि तरूण की संदिग्ध हत्या को मण्डोर पुलिस के अधिकारी आत्महत्या साबित करने को लगे हुए है तथा विभिन्न समाचार पत्रों में यह समाचार प्रकशित किए गए है कि परिस्थितियों से लग रहा है तरूण ने आत्महत्या की है जबकि अभी तक पुलिस को कोई ठोस प्रमाण नहीं मिले है न ही एफ.एस.एल. रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इस प्रकार पुलिस की कार्यवाही से समाज के सभी वर्गो में रोष है।

माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने कहा कि जब तक पूरी निष्पक्ष जांच नही हो जाती है पुलिस किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी प्रचारित नहीं करें परिवार के साथ ही समाज के सभी वर्गो में विशेषकर युवाओं में इस तरह की गलत प्रकाशित सूचना से पुलिस के प्रति गुस्सा है। पुलिस अधिकारी तुरंत पूर्व में गलत दिए बायानों का खण्डन कर इस प्रकरण को जल्द से जल्द निष्तातंरण कर परिवार को न्याय दे। समाज के अनेकों संस्थाओं के पदाधिरियों ने भी पुलिस कमिश्नर से इस संबध में शीघ्र जांच करवाने की बात कही।

पुलिस कमिश्नर ने सभी लोगों को आश्वस्त किया की पुलिस अधिकारी अभी अनुसंधान कर रहे है तथा किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचे है अभी यह तय नहीं है कि तरूण ने आत्महत्या की है हमारे विभाग के डी. एस.पी., एस.पी. एवं अन्य पदाधिकारी इस संदिग्ध हत्या की जांच जल्द कर इसका खुलासा करेगें।

समाज के सभी वर्गो में पहुंच कर समाज के प्रबुद्वजनों ने जब जानकारी दी कि पुलिस जल्द से जल्द कार्यवाही करने की बात कही तो तरूण की बहन एवं परिवार के लोगों ने मांग की कि पुलिस अधिकारी पूर्व में गलत दिए बयानों का खण्डन करें इस पर मण्डोर पुलिस के सी.आई. प्रदीप शर्मा ने सैकड़ों लोगों के बीच आकर कहा कि पुलिस की ओर से पूर्व में किसी भी प्रकार का अधिकृत प्रेस नोट समाचार पत्रों में नहीं दिया गया है हम अपने पूर्ण प्रयासों से जल्द से जल्द इस प्रकरण का निष्तातंरण कर दिया जाएगा तथा प्रदीप शर्मा ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी भी इस प्रकार का बयान नहीं दिया कि तरूण परिहार ने आत्महत्या की है।

समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी के रूप में रणवीर सिंह परिहार, जगदीश सांखला, किशोर टाक, इन्द्र सिंह सांखला, मयंक देवड़ा, महेश गहलोत, राज गहलोत, श्रीमती कुंती परिहार देवड़ा, श्रीमती लीलावती भाटी, श्रीमती श्यामा देवी गहलोत, श्रीमती किरण गहलोत, श्रीमती दिव्या, योगेश गहलोत, अरविंद परिहार, मनीष गहलोत, विमलेश गहलोत, जयंत सांखला, आनंदसिंह सांखला, मोती भाई, अशोक गहलोत, जुगल पंवार, बलवीर सिंह भाटी, ओ. पी. भाटी, गणेश परिहार, राकेश परिहार, युधिष्टर परिहार गोरी शंकर परिहार, कालूराम गहलोत, किशन परिहार, भगत सिंह भाटी, लक्ष्मण परिहार, लेखराज गहलोत, पंकज सांखला, विनीत भाटी, जुगल गहलोत, श्रवण भाटी सहित अनेकों युवाओं ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की।

माली समाज सूरसागर, चौखा, गोलासनी, सलावास, कैरू, तिंवरी, खेमें का कुंआ आदि क्षेत्रों की संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ ही श्री कृष्ण मंदिर रातानाड़ा, पावटा फल सब्जी दलाल संघ, माली युवा महासभा , महात्मा फूले ब्रिगेड, ऑल इण्डिया माली सैनी समाज, खटीक समाज महामंदिर के साथ ही अनेकों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सर्व सम्मति से समाज के सभी वर्गो ने निर्णय लिया की अगर इस प्रकरण में सात दिन के भीतर उचित कार्यवाही नहीं होने पर मुख्यमंत्री वंसुधरा राजे की गौरव यात्रा के दौरान जोधपुर आने पर ज्ञापन दिया जाएगा।

इससे पूर्व माली समाज के युवा इंजिनियर रामसागर निवासी तरूण परिहार की संदिग्ध हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर माली





संस्थान, जोधपुर द्वारा आज आयोजित की गई विशेष मिटिंग में समाज के सभी वर्गो ने एक मत से समाज के युवा तरूण के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सी. बी. आई. की जांच की मांग की गई। मिटिंग से पूर्व दिवगंत आत्मा की चिरशांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखा।

मिटिंग में समाज के अध्यक्ष पुखराज सांखला, जेडीए के पूर्व चौयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, प्रदेश माली सैनी महासभा के चौयरमेन ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर भवन धर्मशाला के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, समाज के प्रमुख राजनेताओं एवं प्रमुख संस्थाओं के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं प्रबुद्वजनों ने सुमेर स्कूल में आयोजित मिटिंग में यह निर्णय लिया कि मंगलवार दिनांक 14 अगस्त, 2018 को समाज के सभी वर्ग सुबह 11 बजे पुलिस कमिशनरेट में इक्ठठा होकर जोधपुर पुलिस कमिशनर को ज्ञापन देगे।

तरूण परिहार की संदिग्ध हत्या जो पुलिस द्वारा बार बार बिना तथ्यों के आत्म हत्या करार दिया गया है जिसका समाज के सभी वर्गो में रोष है। तरूण परिहार को आंगणवा गांव के पास कुछ आघात लोगों द्वारा मारपीट कर जिदा जला दिया गया। पुलिस अधिकारियों के होते हुए भी समय पर उपचार न मिलने के कारण तरूण की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई।

घटना स्थल पर खुन से सनी ईट का मिलना एवं घटना स्थल पर हाथों के ग्लोब्ज का मिलना। मोके पर आस पास खुन के धब्बे होना तथा घटना स्थल के पास ही तरूण के टूटे हुए बटन बिना जले हुए मिलना इसके अलावा तरूण के सिर पर गहरे चोट के निशान जैसे अनेकों साक्ष्य हो पुलिस द्वारा नजर अंदाज कर घटना के इतने दिनों बाद भी जांच में पुलिस अधिकारियों की लापारवाही तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा उक्त घटना को टालम टोल कर दबाना तथा जांच में अनियमितता बरततें हुए उक्त प्रकरण को एक आत्म हत्या का झुठा चोला पहनानें के प्रयास किए जा रहे है। वह पुलिस अधिकारियों की नाकामी को दर्शा रहा है।

सभी ने मिटिंग के पश्चात सुमेर स्कूल प्रांगण से एक केण्डल मार्च महामंदिर चौराहे से होते हुए महात्मा ज्योति बा फूले पार्क तक निकाला जहां सभी ने तरूण परिहार को श्रद्धाजंलि अर्पित करके तरूण के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की।






# समाज की युवा खिलाड़ी चम्पा सैनी को श्रीलंका में हुई ओपन शटलर प्रतियोगिता में सोना जीतकर प्रदेश का बढ़ाया मान

लक्ष्मणगढ, सीकर। मन में खेल का जज्बा लेकिन बेटी होने के कारण बंधन की दीवार। कक्षा छठी में नेछवा इलाके रामनगर (मालियों की ढाणी) की बेटी चम्पा सैनी ने शटलर में कुछ करने का सपना देखा। लेकिन परिवार के सदस्यों ने पढ़ाई पर ध्यान देने और अब बेटी होने की बात कहकर खेलों में नहीं भेजा। लेकिन चम्पा सैनी ने हार नहीं मानी।

वह एम. ए. तक की पढ़ाई के दौरान भी जब भी मौका मिलता अभ्यास करती रही। खेल में निपुण होने और जीत का आत्मविश्वास जागने पर बेटी ने अपने छोटे भाई को यह दर्द बताया। छोटे भाई इन्द्र सैनी ने जैसे–तैसे पापा–मम्मी को राजी कर लिया।

बेटी ने दो वर्ष तक जयपुर में रहकर अभ्यास किया। अब बेटी ने श्रीलंका में हुई ओपन शटलर प्रतियोगिता में सोना जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। बकौल चम्पा, पदक जीतने की यात्रा को जारी रखने के लिए अब और दुगने उत्साह से तैयारी करुगी। बेटी के पदक जीतने की जानकारी मिलने पर गांव में जमकर जश्न मनाया गया। घर आने पर जोरदार स्वागत के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

**मां बीमार हो गई, पता लगा तो खूब रोई**

दो वर्ष पहले चम्पा अभ्यास करने के लिए जयपुर गई। चम्पा बताती है कि पहली बार घर से निकलने पर मां खूब रोई। मेरे खाने व रहने की चिन्ता में मां काफी बीमार भी हो गई। मां से हमेशा बात भी होती, लेकिन किसी ने मां की बीमारी के बारे में नहीं बताया। कई महीने बाद जब घर आई तो पता लगा कि मां मेरे कारण काफी बीमार रही। इस पर उस रात में अकेले में खूब रोई।

**अभावों को दी मात**

अभावों की चुनौतियों को स्वीकार करने वाली चम्पा के पिता सोहनलाल सैनी किसान है। मां द्रोपदी देवी गृहिणी है। सफलता में सबसे बड़े भाई मनोज, सुमन का भी काफी सहयोग रहा है। सफलता का श्रेय एस. एम. एस. स्टेडियम के कोच यादवेन्द्र सिंह को दिया है।

**शेखावाटी में खिलाडियों की फौज**

पदक जीतने के बाद चम्पा सैनी ने कहा कि आजकल अभिभावक सिर्फ पढ़ाई में ही कॅरियर की संभावना तलाशते है। जबकि खेलों में भी कॅरियर की काफी संभावना है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी के युवाओं में खेलों के प्रति काफी जोश व जुनून है। लेकिन यहां संसाधन नहीं होने के कारण खिलाडियों के सपने टूट रहे है। सरकार को हर ग्राम पंचायत पर सभी खेलों का माहौल तैयार करना होगा।

**तीनों टीमों को दी मात**

ओपन साउथ एशियन गेम्स अंडर 25 में रामनगर निवासी चम्पा सैनी ने प्रतियोगिता के शुरुआत से ही काफी अच्छा प्रदर्शन किया। चम्पा ने प्री मुकाबलों में ईरान व भूटान के खिलाडियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में श्रीलंका के खिलाडियों को हराकर पदक अपने कब्जे में किया। पदक जीतने की खुशी में गांव में बुधवार को जमकर जश्न मनाया गया।

गरीब किसान, सैनी समाज की बेटी चम्पा अच्छी ट्रेनिंग लेकर देश का नाम रोशन करना चाहती है आप चम्पा की मदद के लिये 9460243218 पर संपर्क कर Paytm के माध्यम से सहायता दे समाज की होनहार खिलाड़ी का सपना पुरा कर सकते है







समाज गौरव

# दिव्या सैनी प्री–मेडिकल टेस्ट नहीं दे पाई थी अब 29.5 लाख का पैकेज

सीकर। शिक्षक दंपती की बेटी दिव्या सैनी को विदेशी कंपनी अमेजन ने 28.5 लाख रुपए के पैकेज पर बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर सलेक्ट किया। पैकेज अब बढ़कर 29.5 लाख हो गया है।

वह हैदराबाद में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। दिव्या 12 साल की उम्र में 12वीं पास करने पर कम उम्र के कारण प्री–मेडिकल टेस्ट नहीं दे पाई। इसे उसने चुनौती के रूप में लिया और पटना एनआईटी में सलेक्ट हुई। बीटेक के छह सेमेस्टर के बाद अमेजन कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट में दिव्या को सलेक्ट किया।

कंपनी के ऑनलाइन टेस्ट में तीनों बार वह टॉपर रही। झुंझुनूं जिले के किशोरपुरा के शिक्षक दंपती सांवरमल सैनी व किरण सैनी की दूसरी संतान का जन्म 15 जुलाई 1998 को हुआ। दिव्या को तीन साल की उम्र में स्कूल भेजा। उसकी जिद रही कि वह भाई नीलोत्पल की कक्षा में ही उसके साथ पढ़ाई करेगी। वह भाई के साथ तीसरी कक्षा में बैठने लगी। शिक्षकों ने रोका तो स्कूल जाना छोड़ दिया। घर पर मम्मी पढ़ाने लगी। तीन साल बाद भाई के साथ ही उसने छठीं कक्षा की परीक्षा दी।

आठ साल की उम्र में आठवीं की बोर्ड परीक्षा 80 प्रतिशत, 10 साल में 10वीं 77 प्रतिशत के साथ व बायोलॉजी से 12 साल की उम्र में 12वीं 85 प्रतिशत अंकों से पास की। दिव्या के पिता सांवरमल सैनी जिले के श्यामपुरा बाजौर स्थित राउमावि में प्रधानाचार्य हैं। वहीं मम्मी किरण सैनी राबाउमा विद्यालय खूड़ में प्रधानाचार्य है।

माली सैनी संदेश परिवार दिव्या सैनी के उज्ज्वलत्तम भविष्य की मंगल कामना करता है समाज की होनहार दिव्या ने छोटी सी उम्र में जो मुकाम हासिल कर हम सभी को गौरवान्वित किया है उसके लिए हम उसके हृदय से अभिनंदन करते हुए उनको तथा उनके माता–पिता को पुनः आभार प्रकट करते है जिन्होंने अपनी सुपुत्री की शिक्षा के लिए अथक प्रयास किए तथा दिव्या ने अपने माता पिता के साथ ही समाज की बेटियों को बता दिया कि अगर कोई कार्य करने की मन में ठान ले तो उसमें सफलता प्राप्त करना मुश्किल नहीं है।

# एएसआई मनोहरसिंह मलेशिया में लहराएंगे तिरंगा

**एशियाई पेसिफिक मास्टर्स गेम्स की वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व। लंदन कॉमनवेल्थ व वर्ल्ड पुलिस गेम्स में जीत चुके हैं रजत पदक**

जोधपुर, लंदन में कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता और अमरीका के लॉस एंजिलिस में वर्ल्ड पुलिस गेम्स में रजत पदक जीतने वाले जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के एएसआई मनोहरसिंह सांखला एक बार फिर तिरंगा लहरा सकते है। मलेशिया के पेनांग में 7 सितम्बर से होने वाली एशियाई पेसिफिक मास्टर्स गेम्स की वेट लिफिटिंग स्पर्धा में सांखला भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वे पांच सितम्बर को स्वयं के खर्चे पर दिल्ली और फिर मलेशिया प्रस्थान करेंगे। दरअसल, मलेशिया के पेनांग शहर में 7 से 15 सितम्बर तक एशियाई पेसेफिक मास्टर्स गेम्स 2018 होंगे। वेट लिफ्टिंग स्पर्धा के लिए सांखला का चयन भारतीय टीम में हुआ है। इसके भाग लेने के लिए पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय व ट्रेफिक) ने उन्हें इजाजत दे दी है।

इन स्पर्धाओं में लहरा चुके है तिरंगा : वर्ष 2011 में लंदन में आयोजित कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के ओवर हॉल स्पर्धा में रजत पदक जीता। वर्ष 2017 में अमरीका के लॉस एंजिलिस में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में पुश/पुल स्पर्धा में रजत पदक जीता। राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिताओं में चार स्वर्ण व एक रजत पदक।

**एक बार फिर भामाशाहों पर टिकी आस ....**

पुलिस मुख्यालय ने एएसआई मनोहरसिंह को एशियाई पैसेफिक मास्टर्स गेम्स में भाग लेने की अनुमति तो दे दी, लेकिन विभाग की तरफ से उन्हें यात्रा भते के साथ ही कोई अन्य आर्थिक सहायता नहीं मिलेगी। उन्हें स्वयं के खर्चे पर मलेशिया जाना व आना होगा। ऐसे में सांखला के समक्ष एक बार फिर आर्थिक संकट गहरा गया है। खेल के प्रति लगाव के चलते वे दिन रात अभ्यास कर रहे हैं, लेकिन हवाई यात्रा व पेनांग में ठहरने व खाने का खर्चा भी उठाने की चिंता सताए जा रही है। उन्होंने बताया कि लंदन व अमरीका के लॉस एंजिलिस में प्रदर्शन को एक बार फिर दोहराकर देश ही नहीं जोधपुर शहर व पुलिस का नाम रोशन करने का पूरा प्रयास करेंगे।

# मनीष सैनी को पहली अन्तरराष्ट्रीय जीत 20 साल के अनुभवी रेसलर को 17 मिनट में दी मात

महुवा। रसीदपुर निवासी मनीष सैनी ने अमेरिकिन रेसलरों को मात देकर अपनी पहली अन्तरराष्ट्री जीत हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। जालंधर में सीडब्ल्यूई (कांटीनेंटल रेसलिंग एंटरटेनमेंट) में हुए मुकाबले में रेसलर मनीष सैनी ने 17 मिनट 42 सैकंड में विदेशी रेसलरों को धराशायी कर दिया। सैनी स्वयं 19 साल का है, जबकि अमेरिकिन रेसलर जेवियर जस्टिस को तो 20 साल का अनुभव ही है। दूसरे रेसलर कोडी चैपमेन को भी 10 साल का अनुभव है। जीत के बाद मनीष ने बताया कि वह डब्ल्यूडब्ल्यूई में पहुंचकर देश का नाम रोशन करने की तमन्ना रखता है। इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहा है। मनीष के साथ बिहार के अभिराज ने विदेशी रेसलरों से मुकाबला किया। जीत के बाद विश्व चैम्पियन खली व उनके भाई अनिल राणा ने बधाई दी है।

गांव में खुशी : इधर, जैसे ही जीत का समाचार रसीदपुरवासियों को मिला तो घर पर मिठाई खिलाने वालों की भीड़ लग गई। मां ने बेटे को फोन कर बधाई दी। मनीष के पिता लिखमी सैनी को भी महुवा में अपनी आढत की दुकान पर पडौसी व्यापारियों ने बेटे की जीत पर मिठाई खिलाकर बधाई दी। पत्रिका में प्रकाशित समाचार के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जालंधर में रह रहे रसीदपुर व महुवा के युवा भी मैच देखने एकेडमी में पहुंच गए।

# समाज गौरव व्यक्तित्वों को हार्दिक बधाई




डॉ दीपक सैनी राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ हड्डी रोग विशषज्ञ पुरस्कार से लगातार दूसरी बार सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



आदरणीय समाज गौरव डॉ नवल किशोर शाक्य अंतरराष्ट्रीय कैंसर सर्जन KGMC लखनऊ अमेरिका से सम्मानित कैंसर के 100000 एक लाख मरीजो के सफल ऑपरेशन कर देश मे एक कीर्तिमान स्थापित करने पर हार्दिक बधाई अभिनंदन उज्जवल भविष्य की मंगल कामना



जालोर समाज गौरव श्रीमती गुलाबी देवी पत्नी मोहनलालजी गहलोत को उन्नत किसान व कृषि विस्तार एवं नवसार, आत्मा योजना के, कृषि संबद्ध, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की आय दुगुनी करने की योजना के तहत, राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाऐगा। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार



श्री किशोरी लाल जी सैनी ( चै ) पूर्व मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत को क्लै च पद पर प्रमोट होकर त्है बनने पर हार्दिक बधाई।



श्रीमती शशिबाला सोलंकी को ब्यावर नगर परिषद रुसभापति बने पर बहुत बहुत बधाई। माली समाज आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



माली समाज के तेज तर्रार युवा पुलिस उपअधीक्षक हीरालाल सैनी को ब्यावर के पुलिस उपअधीक्षक के पद पर लगने पर माली समाज की ओर हार्दिक बधाई और स्वागत।



## नहीं रहे शतायु स्वतंत्रता सैनानी

स्वतंत्रता सेनानी स्व. अर्जुन सिंह कुशवाहा का निधन आज सुबह, उनके पैतृक स्थान ग्राम – लौना परसा, तारापुर, मुंगेर, बिहार में हो गया। स्व. कुशवाहा जी का आयु 100 साल था। भारत राष्ट्र को आजाद करवाने में स्व0 कुशवाहा जी का अद्वितीये योगदान रहा था। हम सभी स्व. कुशवाहा जी के आत्मा को शांति पहुचाने के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। स्व. अर्जुन सिंह कुशवाहा जी के पौत्र अधिवक्ता मुकेश सिंह कुशवाहा हैं, जो की मौर्य विश्वास संगठन के यूपीएससी मिशन के प्रबंधक हैं। दु:ख के इस घड़ी में माली सैनी संदेश परिवार अधिवक्ता मुकेश सिंह कुशवाहा एवं उनके परिवार के साथ हैं।

# संत शिरोमणि लिखमीदास जी के जीवन प्रसंग

## 'पुरा से बना अमरपुरा'

संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज सभी जातियां एवं सभी धर्म को पूर्ण आदर के साथ मानते थे उनका धर्म मानव सेवा करना एवम् मानव के कष्टों को दूर करने में उनकी सहायता ,सब के प्रति प्रेम एवं सदभावना बनाये रखना ही अपना धर्म मानते, इसी कारण सभी जाति एवं धर्म के व्यक्ति उन्हें पूरा मान–सम्मान के एंव पूर्ण आदर देते रहें।

संत लिखमीदास जी महाराज का निवास नागौर से 5 किलोमीटर पूर्व, डेह रोड से उत्तर की ओर 'पुरा' गांव मे निवास करते थे जो वर्तमान में अमरपुरा के नाम से जाना जाता है यहां पर संत शिरोमणि का भव्य स्मारक बना हुआ है इसी पुरा गांव में 140 गांडित मुस्लिम परिवार निवास कर अपना जीवन यापन कर रहे थे।



संत शिरोमणि अपने आराध्य द्वारकाधीश के अवतार बाबा रामदेव के परम प्रिय भक्त रहे और बाबा रामदेव उन्हें प्रतिदिन कंकू चरण रज के रूप में दर्शन देकर उनकी एवं उनके भक्तों की समस्याओं का निराकरण करते थे। संत लिखमीदास जी अपने आराध्य की पूजा प्रार्थना में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देते थे संध्या के समय ढोल, नगारे, शंख, झालर एवं वाद्य यंत्रों के साथ सभी भक्तों के माध्यम से आरती करते थे। उसी पुरा गांव मे मस्जिद होने के कारण शाम की अजान एवं नवाज पढ़ने का समय होता था इसी कारण मुस्लिम परिवार के सदस्यों को नवाज पढ़ने में ध्यान भटक जाता था इस हेतु मुस्लिम भाइयों से कहां गया कि आप नवाज का समय मैं परिवर्तन कर लें।

संत शिरोमणि लिखमीदास जी के गुरु खियासीराम जी नागौर से 151 किलोमीटर दूरी डेह ग्राम में निवास करते थे। संत शिरोमणि प्रतिदिन संध्या आरती के बाद सत्संग हेतु अपने गुरु खियासीराम जी के गांव डेह पैदल जाकर प्रातः काल वापस ष्पुराष् गांव मे आते थे यह भी किसी चमत्कार से कम नहीं था।

जब यह जानकारी मुस्लिम परिवार के कुछ सदस्यों को मालूम हुई की लिखमीदास जी पैदल रात्रि प्रस्थान करते हैं तो उनसे प्रतिशोध लेने की ठान ली। संत शिरोमणि का रात्रि को पीछा करने हेतु पैदल चलकर, दौडकर, घोडो के द्वारा उनका पीछा करने की कोशिश की किंतु वह हमेशा ही साधारण चाल–चलते हुए समान्तर दूरी पर रहें इसी कारण वह संत शिरोमणि का कोई नुकसान न कर पाये, इसी प्रकार उनको प्रतिशोध लेने का निर्णय बेकार साबित हुआ और वह संत शिरोमणि जी से मांफी मागने हेतु उनकी शरण में चले गये।

उसी समय संत शिरोमणि ने गांव के सभी लोगों को बुला कर कहा कि आज बाबा रामदेव जी के मंदिर में कोई भी व्यक्ति ढोल–नगारे, झालर एवं वाद्ययंत्र नहीं बजायेगा तथा मुस्लिम भी आज मस्जिद में संध्या के समय कोई भी व्यक्ति अजान नहीं देगा यदि मस्जिद में स्वतः अजान की आवाज आती है या मंदिर से ढोल नगारे, झालर ,एवं वाद्य यंत्र स्वतः बजते है तो आरती जारी रहेगी और अजान की आवाज आती है तो मस्जिद में अजान जारी रहेगी इसी बात पर सभी लोगो की सहमति बनी । संध्या आरती के समय अपने आप ढोल नगारे, झालर, वाद्य यंत्र बजने लगे तो सभी ने सामूहिक रुप से बाबा रामदेव की आरती में भाग लिया।

इस घटना के पश्चात गाड़ित मुस्लिम परिवार के सदस्यों ने संत शिरोमणि से कहा आप जो हमें आदेश देंगे वह हमें स्वीकार होगा, संत शिरोमणि ने उन्हें माफ करते हुए कहा कि आप सभी पुरा गांव को खाली कर नागौर के पश्चिम की ओर 10 किलोमीटर दूरी पर जाकर बस जावे जहां आप अन्न, धन, लक्ष्मी से परिपूर्ण होकर सुख चैन से जीवन यापन करेंगे, इस प्रस्ताव को मानते हुए 140 मुस्लिम परिवारों ने पुरा गांव खाली कर संत शिरोमणि के द्वारा बताए गए स्थान पर बस गए जो वर्तमान में बासनी गांव से जाना जाता है और यह गाड़ित मुस्लिम परिवार सभी तरह से फल फूल रहे और संत शिरोमणि की समाधि पर अपनी सुख–दुख की बात कर अपनी मन्नतें मांगते हैं संत शिरोमणि उनकी सभी मन्नतें पूरी कर रहे है।

जब संत श्री 80 वर्ष की अवस्था मे आये तो आसोज सुदी छठ (नवरात्रा) संवत 1887 को दिनाक 23 सितम्बर 1830 को बाबा रामदेव ने प्रकट होकर कहां कि आप को बैकुंठ धाम जाने की तैयारी करना चाहिए उसी समय बाबा के आदेश को मानते हुए तुरंत समाधि हेतु खुदाई और उसी समय जीवित समाधि लेकर सदा सदा के लिए अमर हो गए।

'जय जय हो, संत शिरोमणि लिखमीदास जी'

संकलन - हरगोपाल भाटी, झालावाड़

### चिकित्सा शिविर हुआ आयोजित मरीजो ने शिविर का उठाया लाभ

# पहला सुख निरोगी काया – रमेश चन्द सैनी

टोंक। जिला मुख्यालय के मेहन्दी बाग टोंक मे गुरूवार को ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज रजि. टोंक एवं गोपीनाथ हॉस्पिटल सांगानेर जयपुर के संयुक्त तत्तवाधान मे हेल्थ कैयर मेडिकल्स टोंक के प्रो. पवन कुमार सैनी के सौजन्य से निःशुल्क कान, नाक, गला एवं बवासीर (पाईल्स) की जॉच व ईलाज का शिविर आयोजित किया गया।

